प्रेस विज्ञप्ति (फोटोग्राफ संलग्न)

राज्य सरकार के अधिकारियों और हितधारकों ने भाग लिया

सिंगापुर पर्यटन की बेस्ट प्रेक्टिसेज साझा करने के लिये दो दिवसीय कार्यशाला की हुई शुरूआत

जयपुर, 21 फरवरी। जयपुर के होटल ललित में आज 'टूरिज्म प्रोग्राम इन राजस्थान, इंडिया' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। राजस्थान सरकार के अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव, वन एवं पर्यटन, श्री एन.सी. गोयल ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री गोयल ने कहा कि इस कार्यशाला के प्रतिभागियों को पर्यटन क्षेत्र में सिंगापुर की बेस्ट प्रेक्टिसेज के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से प्रतिभागी जान सकेंगे कि सिंगापुर दुनिया भर में किस प्रकार टॉप टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है।

श्री गोयल ने आगे कहा कि टूरिज्म रिसर्च, डेटा कलेक्शन, टूरिज्म प्लानिंग, होटलों एवं शॉपिंग से सम्बंधित टूरिज्म प्रोडक्ट डवलपमेंट, नेचर बेस्ड अट्रेक्शन्स एवं अन्य के बारे में जानकारी प्राप्त करने में यह कार्यशाला अत्यंत लाभदायक साबित होगी। मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के साथ–साथ सिंगापुर द्वारा अपनाए जा रहे ट्रेनिंग एवं सर्विस स्टेंडर्ड्स जैसे विषयों पर होने वाले सत्र इस कार्यशाला की प्रमुख विशेषता होंगे।

मास्टर कंसल्ट सर्विसेज, सिंगापुर के श्री क्रिस्टोफर खू द्वारा यह कार्यशाला संचालित की जा रही है। अपने विस्तृत प्रजेंटेशन में उन्होंने वैश्विक एवं भारतीय पर्यटन परिदृश्य पर प्रकाश डाला और बताया कि विश्व अर्थव्यवस्था में पर्यटन क्षेत्र किस प्रकार से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने राजस्थान में पर्यटन सम्भावनाओं की जानकारी दी जो कि पहले से ही भव्य स्मारकों से भरपूर है। इस कार्यशाला में विशेष रूप से राजस्थान में पर्यटन की स्थिति और इसकी चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

क्रिस्टोफर खू ने अपने प्रजेंटेशन में होटलों, शॉपिंग, नेचर बेस्ड अट्रेक्शंस, सेंटोसा एवं हेरिटेज क्षेत्र के संदर्भ में सिंगापुर के सफल पर्यटन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी डेस्टिनेशन में अनिवार्य रूप से हार्ड इंफ्रास्ट्रक्चर, प्लेसेज ऑफ इंटरेस्ट, अकॉमोडेशन, फेस्टिवल्स, ईवेंट, मेमोरेबल एक्सपीरियंस जैसे बिन्दु शामिल होते हैं।

इस अवसर पर राजस्थान हेरिटेज प्रोटेक्शन एंड प्रमोशन अथॉरिटी के चेयरमेन, श्री ओंकार सिंह लखावत; सिंगापुर हाई कमीशन के फर्स्ट सेक्रटरी (पॉलिटिकल), श्री केस्टर टाय; सिंगापुर को–ऑपरेशन एंटरप्राइजेज के सीनियर मैनेजर, श्री चार्लीन एनजी; हॉस्पेटिलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के सीनियर लैक्चरर, श्री रवि नायर तथा फैडरेशन ऑफ हॉस्पेटिलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान के महासचिव, श्री ज्ञान प्रकाश ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पर्यटन निदेशक, डॉ. राजेश शर्मा भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि उदयपुर में 6 अक्टूबर, 2016 को सिंगापुर के प्रधानमंत्री, ली सीन लूंग और राजस्थान की मुख्यमंत्री, श्रीमती वसुंधरा राजे की उपस्थिती में राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग एवं सिंगापुर को–ऑपरेशन एंटरप्राइजेज (टमस्क फाउंडेशन) के मध्य हुए एमओयू के तहत यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

फोटो कैप्शन :

DSC_3032- जयपुर के होटल ललित में आज 'टूरिज्म प्रोग्राम इन राजस्थान, इंडिया' विषय पर शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित (बाएं से दाएं)– राजस्थान सरकार के निदेशक, पर्यटन, डॉ. राजेश शर्मा; राजस्थान हेरिटेज प्रोटेक्शन एंड प्रमोशन ऑथेरिटी के चेयरमेन, श्री ओंकार सिंह लखावत; राजस्थान सरकार के

अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव, वन एवं पर्यटन, श्री एन सी गोयल; सिंगापुर हाई कमीशन के फर्स्ट सेक्रटरी (पॉलिटिकल), श्री केस्टर टाय; सिंगापुर को–ऑपरेशन एंटरप्राइजेज के सीनियर मैनेजर, श्री चार्लीन एनजी और मास्टर कंसल्ट सर्विसेज, सिंगापुर के एमडी, श्री क्रिस्टोफर खू।